## जैन धर्म

1. जैन परम्परा के अनुसार जैन धर्म में कुल कितने तीर्थंकर हुए ?
(अ) 20 (ब) 22
(स) 24 (द) 14
उत्तर : (स)
व्याख्याः– जैन परम्परा के अनुसार वर्तमान में 24 तीर्थंकर हुए जिनका क्रम प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक है। प्रमुख जैन तीर्थंकर ऋषभदेव (प्रथम), अजितनाथ (द्वितीय), संभवनाथ (तृतीय), संपार्श्वनाथ (सप्तम), शांतिनाथ (सोलहवाँ), अरनाथ (अठारहवें), नेमिनाथ (इक्कीसवें), अरिष्टनेमि (बाइसवें), पार्श्वनाथ (तेइसवें) तथा महावीर स्वामी (चौबीसवें)।
2. महावीर स्वामी का जन्म किस क्षत्रिय गोत्र में हुआ था ?
(अ) शाक्य (ब) ज्ञातृक
(स) सल्लास (द) लिच्छवी
उत्तर : (ब) RRB 2005, SSC 2000
व्याख्याः– जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म 540 ई.पू. में कुण्डग्राम (वैशाली) में हुआ था। इनके पिता ज्ञातृक कुल के सरदार थे और माता त्रिशला लिच्छवि राजा चेटक की बहन थी। ग्रंथों के अनुसार उनके जन्म के बाद राज्य में उन्नति होने से उनका नाम वर्धमान रखा गया था। महावीर स्वामी की पत्नी का नाम यशोदा एवं पुत्री का नाम अनोज्जा प्रियदर्शनी था। 72 वर्ष की आयु में महावीर स्वामी की मृत्यु (निर्वाण) 468 ई.पू. में बिहार राज्य के पावापुरी (राजगीर) में हो गई।
3. महावीर स्वामी की माता कौन थी ?
(अ) यशोदा (ब) अनोज्जा
(स) त्रिशला (द) देवानंदी
उत्तर : (स) SSC 1999
व्याख्याः– जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म 540 ई.पू. में कुण्डग्राम (वैशाली) में हुआ था। इनके पिता ज्ञातृक कुल के सरदार थे और माता त्रिशला लिच्छवि राजा चेटक की बहन थी। महावीर स्वामी की पत्नी का नाम यशोदा एवं पुत्री का नाम अनोज्जा प्रियदर्शनी था। 72 वर्ष की आयु में महावीर स्वामी की मृत्यु (निर्वाण) 468 ई.पू. में बिहार राज्य के पावापुरी (राजगीर) में हो गई।
4. महावीर की मृत्यु कहाँ हुई थी ?
(अ) श्रवणबेलगोला (ब) लुम्बिनी
(स) कुलगुमलै (द) पावापुरी
उत्तर : (द) SSC 2002
5. महावीर का मूल नाम था–
(अ) सिद्धार्थ (ब) गौतम
(स) वर्धमान (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) RRB 2005
6. किसे 'एशिया की रोशनी' कहा जाता है ?
(अ) महात्मा गांधी को (ब) गौतम बुद्ध को
(स) माओत्से तुंग को (द) अकबर को
उत्तर : (ब) RRB 2005
7. दिलवाड़ा के जैन मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था ?
(अ) चोलों ने (ब) चंदेलों ने
(स) चालुक्यों ने (द) राष्ट्रकूटों ने
उत्तर : (स) RRB 2004
8. जैन परम्परा के अनुसार महावीर कौन से तीर्थंकर थे ?
(अ) पहले (ब) दसवें
(स) अठारहवें (द) चौबीसवें
उत्तर : (द) RRB 2004
9. जैन धर्म का अधारभूत बिन्दु है–
(अ) कर्म (ब) निष्ठा
(स) अहिंसा (द) विराग
उत्तर : (स)
10. 'जियो और जीने दो' किसने कहा था ?
(अ) महावीर स्वामी (ब) गौतम बुद्ध
(स) महात्मा गाँधी (द) विनोबा भावे
उत्तर : (अ)
11. तीर्थंकरों के क्रम में अंतिम कौन थे ?
(अ) ऋषभदेव (ब) पार्श्वनाथ
(स) मणिसुव्रत (द) महावीर स्वामी
उत्तर : (द)
12. जैन धर्म में पूर्ण ज्ञान के लिए क्या शब्द प्रयुक्त होता है ?
(अ) जिन (ब) रत्न
(स) कैवल्य (द) निर्वाण
उत्तर : (स)
13. निम्नलिखित में कौन सी बात बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म में समान नहीं है ?
(अ) अहिंसा
(ब) वेदों के प्रति उदासीनता
(स) आत्मदमन
(द) रीति–रिवाजों की अस्वीकृति
उत्तर : (स) BPSC 2001

www.rajstudents.com

14. महावीर स्वामी का जन्म कहाँ हुआ था ?
(अ) कुण्डग्राम में (ब) पाटलिपुत्र में
(स) मगध में (द) वैशाली में
उत्तर : (अ) BPSC 2010

15. निम्नलिखित में से कौन सबसे पूर्वकालिक जैन ग्रंथ कहलाता है ?
(अ) बारह अंग (ब) बारह उपांग
(स) चौहद पूर्व (द) चौदह उपपूर्व
उत्तर : (स) BPSC 1995

16. भगवान महावीर का प्रथम शिष्य कौन था ?
(अ) जमालि (ब) योसुद
(स) विपिन (द) प्रभास
उत्तर : (अ) UPPCS 2005

17. त्रिरत्न सिद्धांत सम्यक धारणा, सम्यक चरित्र, सम्यक ज्ञान जिस धर्म की महिमा है, वह है–
(अ) बौद्ध धर्म (ब) ईसाई धर्म
(स) जैन धर्म (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स) UPPCS 2004

18. निम्नलिखित में से कौन–सा स्थल पार्श्वनाथ से संबद्ध होने के कारण जैन सिद्धक्षेत्र माना जाता है ?
(अ) चम्पा (ब) पावा
(स) सम्मेद शिखर (द) ऊर्जयन्त
उत्तर : (स) UPPCS 2002

19. स्यादवाद सिद्धांत है–
(अ) लोकायत धर्म का (ब) शैव धर्म का
(स) जैन धर्म का (द) वैष्णव धर्म का
उत्तर : (स) Utt. PSC 2006

20. जैन समुदाय में प्रथम विभाजन के श्वेताम्बर संप्रदाय के संस्थापक थे–
(अ) स्थूलभद्र (ब) भद्रबाहु
(स) कालकाचार्य (द) देवर्षि श्रमाश्रमण
उत्तर : (अ) RAS/RTS 2003

21. भारत में सबसे प्राचीन विहार है–
(अ) नालंदा (ब) उदन्तपुरी
(स) विक्रमशिला (द) भाजा
उत्तर : (अ) RAS/RTS 1992

22. प्रथम जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था ?
(अ) पाटलिपुत्र (ब) वल्लभी
(स) आबू (द) पावा
उत्तर : (अ)

23. द्वितीय जैन महासभा का आयोजन कहाँ हुआ था ?
(अ) पाटलिपुत्र (ब) वल्लभी
(स) आबू (द) पावा
उत्तर : (ब)

24. जैन साहित्य का संकलन किस भाषा व लिपि में है ?
(अ) संस्कृत व देवनागरी
(ब) प्राकृत व अर्धमागधी
(स) पालि व पूर्ण मागधी
(द) संस्कृत व ब्राह्मी
उत्तर : (ब)

25. निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. वर्धमान महावीर की माता लिच्छवी के नरेश चेटक की पुत्री थी
2. गौतम बुद्ध की माता कोलिय राजवंश की राजकुमारी थी
3. 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ बनारस के थे
इन कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं ?
(अ) केवल 1 (ब) केवल 3
(स) 2 तथा 3 (द) 1, 2 तथा 3
उत्तर : (स) UPPCS 2003

26. कथन (A) : जैन धर्म के अहिंसा पर बल ने कृषकों को जैन धर्म अपनाने से रोका
कारण (R) : कृषि में कीटों एवं कीड़ों की हत्या होना शामिल है
(अ) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या करता है
(ब) A और R दोनों सही है तथा R, A का सही व्याख्या नहीं करता है
(स) A सही है किन्तु R गलत है
(द) A गलत है किन्तु R सही है
उत्तर : (अ) UPPCS 2000

27. आष्टांगिक मार्ग की संकल्पना, अंग है–
(अ) दीपवंश के विषयवस्तु का
(ब) दिव्यावदान के विषयवस्तु का
(स) महापरिनिर्वाण सुत्त के विषयवस्तु का
(द) धर्मचक्रप्रवर्तन सुत्त के विषयवस्तु का
उत्तर : (द) UPPSC 1998

28. बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म दोनों ही विश्वास करते हैं कि–
(अ) कर्म तथा पुनर्जन्म के सिद्धांत सही हैं
(ब) मृत्यु के पश्चात् ही मोक्ष संभव है
(स) स्त्री व पुरुष दोनों ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं
(द) जीवन में मध्यम मार्ग सर्वश्रेष्ठ है
उत्तर : (स) UPPSC 1997

29. जैन धर्म श्वेताम्बर एवं दिगम्बर संप्रदायों में किसके शासनकाल में विभाजित हुआ ?
(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) अशोक
(स) कनिष्क (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

30. निम्न में से कौन–से धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं ?
(अ) हिन्दू धर्म (ब) बौद्ध धर्म
(स) जैन धर्म (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

31. ऋग्वेद में किन दो तीर्थंकरों का उल्लेख मिलता है ?
(अ) ऋषभदेव और अरिष्टनेमि
(ब) पार्श्वनाथ और नेमिनाथ
(स) अश्वजित और महावीर स्वामी
(द) ऋषभदेव और पार्श्वनाथ
उत्तर : (अ)

32. महावीर ने जैन संघ की स्थापना कहाँ की थी ?
(अ) कुण्डग्राम (ब) पावा
(स) वैशाली (द) वाराणसी
उत्तर : (ब)

33. 'अणुव्रत' शब्द किस धर्म से जुड़ा है ?
(अ) जैन धर्म (ब) लोकायत मत
(स) हिन्दू धर्म (द) बौद्ध धर्म
उत्तर : (अ) CgPSC 2013

34. महावीर की मृत्यु के बाद जैन संघ का अगला अध्यक्ष कौन हुआ ?
(अ) गोशाल (ब) मल्लिनाथ
(स) सुधर्मन (द) वज्रस्वामी
उत्तर : (स)

35. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (महावीर के नाम)
A. केवलिन
B. जिन
C. महावीर
D. निर्ग्रंथ
सूची–II (अर्थ)
1. पूर्ण ज्ञानी
2. इन्द्रियों को जीतने वाला
3. अपरिमित पराक्रमी
4. बंधन रहित
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

36. जैन धर्म से संबंधित रचना .'परिशिष्ट पर्व' के रचयिता है–
(अ) भद्रबाहु (ब) स्थूलभद्र
(स) हेमचंद्र (द) स्वयंभू
उत्तर : (स)

37. जैन ग्रंथ 'कल्प सूत्र' के रचयिता है–
(अ) भद्रबाहु (ब) स्थूलभद्र
(स) हेमचंद्र (द) स्वयंभू
उत्तर : (अ)

38. किस जैन रचना में सौलह महाजनपदों का उल्लेख मिलता है ?
(अ) भगवती सूत्र (ब) चौहद पूर्व
(स) आचरांग सूत्र (द) स्वयंभू
उत्तर : (अ)

39. जैन शिल्पकला के उदाहरण है–
1. उड़ीसा का बाघ गुफा, हाथीगुम्फा मंदिर
2. दिलवाड़ा मंदिर (आबू, राजस्थान)
3. रणकपुर (जोधपुर) का चौमुख मंदिर
4. गोमतेश्वर की प्रतिमा (श्रवणबेलगोला, कर्नाटक)
कूट :
(अ) 1, 2, 3 एवं 4 (ब) 1, 2 एवं 3
(स) 1 एवं 2 (द) 2 एवं 3
उत्तर : (अ)

40. जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रतों में महावीर स्वामी ने पाँचवें महाव्रत के रूप में क्या जोड़ा ?
(अ) अहिंसा (ब) अस्तेय
(स) अपरिग्रह (द) ब्रह्मचर्य
उत्तर : (द)

41. जैन धर्म को अंतिम राजकीय संरक्षण किस वंश के शासकों ने दिया ?
(अ) बंगाल के पाल (ब) बंगाल के सेन
(स) गुजरात के चालुक्य (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

42. 'योगाचार' या 'विज्ञानवाद' के प्रतिपादक थे–
(अ) नागार्जुन (ब) मैत्रेयनाथ
(स) अश्वघोष (द) महाकस्सप
उत्तर : (ब)

43. जैनियों का विश्वास है कि जैन मत चौबीस तीर्थंकरों की शिक्षाओं का परिणाम है। इस कथन के आलोक में, निम्नलिखित में से कौन–सा एक वर्धमान महावीर के विषय में सही है ?
(अ) वे पहले तीर्थंकर और जैन मत के संस्थापक थे
(ब) वे तेईसवें तीर्थंकर थे, जबकि पहले बाईसवें तीर्थंकर पौराणिक माने गये
(स) वे अंतिम और चौबीसवें तीर्थंकर थे जिसे इस नये धम्र का संस्थापक नहीं माना गया बल्कि वर्तमान धार्मिक संप्रदाय का सुधारक माना गया
(द) वे चौबीस तीर्थंकरों में से एक नहीं थे
उत्तर : (स) CDS 2011

www.rajstudents.com

44. अनेकांतवाद निम्नलिखित में से किसका क्रोड (केंद्रीय) सिद्धांत एवं दर्शन है ?
(अ) बौद्ध मत (ब) जैन मत
(स) सिक्ख मत (द) वैष्णव मत
उत्तर : (ब) UPPSC 2009

45. जैन दर्शन के अनुसार सृष्टि की रचना एवं पालन–पोषण हुआ है–
(अ) सार्वभौमिक विधान से
(ब) सार्वभौमिक सत्य से
(स) सार्वभौमिक आस्था से
(द) सार्वभौमिक आत्मा से
उत्तर : (ब) UPPSC 2011

46. महावीर स्वामी के भिक्षुणी संघ की प्रधान कौन थी ?
(अ) चन्दना (ब) खेमा
(स) सुजाता (द) महामाया
उत्तर : (अ) NET 2015

47. प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा/से बौद्ध धर्म और जैन धर्म दोनों में समान रूप से विद्यमान था/थे ?
1. तप और भोग की अति का परिहार
2. वेद–प्रमाण्य के प्रति अनास्था
3. कर्मकाण्डों की फलवत्ता का निषेध
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिए–
(अ) केवल 1 (ब) 2 और 3
(स) 1 और 3 (द) 1, 2 और 3
उत्तर : (ब) UPPSC 2012

48. जैनियों के पहले तीर्थंकर कौन थे ?
(अ) अरिष्टनेमि (ब) पार्श्वनाथ
(स) अजितनाथ (द) ऋषभदेव
उत्तर : (द) SSC 1999, RRB 2004

49. तीर्थंकरों के क्रम में अंतिम कौन थे ?
(अ) ऋषभदेव (ब) पार्श्वनाथ
(स) मणिसुव्रत (द) महावीर स्वामी
उत्तर : (द)

50. जैन धर्म में पूर्ण ज्ञान के लिए क्या शब्द प्रयुक्त होता है ?
(अ) जिन (ब) रत्न
(स) कैवल्य (द) निर्वाण
उत्तर : (स)

51. जैन समुदाय में प्रथम विभाजन के श्वेताम्बर संप्रदाय के संस्थापक थे–
(अ) स्थूलभद्र (ब) भद्रबाहु
(स) कालकाचार्य (द) देवर्षि श्रमाश्रमण
उत्तर : (अ) RAS/RTS 2003

www.rajstudents.com